**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**03.01.2026/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कंडाघाट उपमंडल की कवारग पंचायत के टिकरी गांव में दिव्यांगजनों के लिए करीब एक सौ 68 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले उत्कृष्टता केंद्र की आज आधारशिला रखी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के साथ–साथ दिव्यांगजनो के लिए भी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस उत्कृष्टता केंद्र में 27 वर्ष तक की आयु के दिव्यांगजनों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

इस बीच धर्मशाला में छात्रा की मौत मामले पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रोफैसर को संस्पैंड करने के आदेश दिए हैं और आगामी जांच की जाएगी ताकि देवभूमि इस तरह के कार्यों से बार–बार शर्मसार न हो।

------------------------------------------------------------------------

**यूजीसी – धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग –यू.जी.सी. ने धर्मशाला के सरकारी डिग्री कॉलेज में हुई दुखद आत्महत्या का संज्ञान लिया है। यू.जी.सी. ने इसके लिए एक तथ्य–जांच समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है। सोशल मीडिया पोस्ट में यूजीसी ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यू.जी.सी. ने कहा कि छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि है।

------------------------------------------------------------------------

**सुक्खू**

इस बीच मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों को अपना विद्यालय– हिमाचल स्कूल एडॉप्शन कार्यक्रम के तहत सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। कल शाम शिमला से सभी जिला उपायुक्तों के साथ आयोजित वर्चुअल बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस कार्यक्रम के तहत गोद लिए गए स्कूलों का उपायुक्त औचक निरीक्षण करें। मुख्यमंत्री ने 5 जनवरी तक इन स्कूलों की सूची सरकार को प्रस्तुत करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि स्कूल एडॉप्शन कार्यक्रम के तहत उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त और जिला के वरिष्ठ अधिकारी कम से कम चार स्कूल गोद लेकर प्रतिमाह इन स्कूलों में छात्रों से संवाद करेंगे।

------------------------------------------------------------------------

**राजीव सहजल**

वरिष्ट भाजपा नेता डॉक्टर राजीव सहजल ने नालागढ़ में हुए संदिग्ध धमाके, एनआईए जांच और क्षेत्र की लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार की कड़ी आलोचना की है। एक बयान में उन्होंने कहा है कि नालागढ़ जैसे औद्योगिक क्षेत्र में ऐसी घटनाएं स्पष्ट करती है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा गई है और सरकार हालात संभालने में पूरी तरह विफल रही है। राजीव सहजल ने नालागढ़ के डीएसपी भीषम ठाकुर की तैनाती को लेकर भी सवाल उठाए हैं।

------------------------------------------------------------------------

## बाल विकास

केंद्रीय महिला व बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान शुरू किया गया है जिसके तहत ऊना जिला में भी लोगों को बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य बेटियों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है।

अधिक ब्यौरे के साथ हमारे ऊना जिला संवाददाता की यह रिपोर्ट

**वर्ष 2030 तक भारतवर्ष को बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया है। इस संदर्भ में जागरूक नागरिक का कर्तव्य है कि बाल विवाह के संभावित मामलों की शिकायत दर्ज करवाएँ और जागरूक समाज यह भी सुनिश्चित करे कि प्रत्येक लड़की शिक्षित, सुरक्षित हो और सपनों को साकार करने के लिए स्वतंत्र हो। । 27 नवंबर 2025 को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का एक वर्ष पूरा हो गया है और अब इसको आगे बढ़ाने के लिए 100 दिन का विशेष अभियान चलाया जा रहा है जो कि 8 मार्च 2026 तक चलेगा।**

------------------------------------------------------------------------

## कांग्रेस –नियुक्ति

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के 11 संगठनात्मक जिलों में अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणूगोपाल ने कल देर शाम इस संबंध में अधिसूचना जारी की की है। यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। अभी किन्नौर जिला और शिमला ग्रामीण के अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी शेष हैं।

------------------------------------------------------------------------

## वस्त्र उद्योग – पी.एल.आई. योजना

केंद्र सरकार ने वस्त्र उद्योग के लिए उत्पादन–आधारित प्रोत्साहन –पी.एल.आई. योजना के तहत नए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि इस वर्ष 31 मार्च तक बढ़ा दी है। वस्त्र मंत्रालय ने बताया कि ऐसा पिछले वर्ष अगस्त में आवेदन पोर्टल के फिर से खुलने के बाद से वस्त्र कंपनियों द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत करने की महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया के मद्देनजर किया गया है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि यह निर्णय देश के वस्त्र क्षेत्र में निवेशकों के विश्वास को बढ़ाता है। इसका लक्ष्य पात्र आवेदकों को अतिरिक्त समय देकर व्यापक भागीदारी को बढ़ावा देना है।